www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-220 | सागवाड़ा, रविवार, 17 अप्रैल, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)





# हनुमानजी के जन्मोत्सव पर नगर पालिका ने कराया सुंदरकांड पाठ

## ओंकारेश्वर मंदिर समिति की ओर से पेट्रोल पम्प स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में मानस मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ

**सागवाड़ा।** हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नगरपालिका सागवाड़ा और ओंकारेश्वर मंदिर समिति के साझे में पेट्रोल पम्प स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में गणपति पूजन नीरज शर्मा व सरस्वती वंदना नरेश भट्ट महादेव द्वारा करने के बाद सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान प्रीतम पंचाल व विनोद गर्ग ने किया। किशोर भावसार ने जीवन मौत का खेल है पगले क्या रोना क्या धोना....चेतन गोगरोत ने हर हर महादेव शिव भोरिया.... मुकेश भोई ने भक्त खड़े तेरे द्वार दर्शन पाने के लिए.... जुगल सोनी ने मेरा भोला भंडारी करता नंदी की सवारी...... सुरेश भट्ट ने आ लौट के आजा हनुमान तुजे श्रीराम बुलाते है... सहित कई भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे।



विभिन्न वाद्ययंत्रों पर चिराग गुप्ता, जितेंद्र भट्ट,धार्मिक पंचाल,नकुल गोगरोत ने संगत दी। हनुमान चालीसा का पाठ नरेश भट्ट शिवलहरी द्वारा की गई। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने इस कार्यक्रम को नगर का कार्यक्रम बताते हुए कहा कि यह धर्म नगरी है समय समय पर मानस मंडल के द्वारा विविध आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यक्रम होते है बस इसी तरह हम सभी मिलकर पूर्ण आस्था से मनाए। कलयुग के देवता है श्री हनुमान जी इनके दर्शन मात्र से अतिरिक्त ऊर्जा का संचरण होता है। बस हमारी आस्था,हमारी भावना और विश्वास सकारात्मक होना चाहिए। प्रारम्भ में पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में पधारे वागड़ के प्रख्यात राम कथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री का, मानस मण्डल के अध्यक्ष किशोर भावसार एवं ओम्कारेश्वर महादेव कमिटी के ट्रस्टी शंकरलाल, नारायणलाल, लक्ष्मण अहारी का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। कमलेश भाई शास्त्री ने वर्तमान सागवाड़ा को बदलता सागवाड़ा की उपाधि देकर नरेन्द्र खोड़निया का शाल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए कहा कि अच्छे कार्य की प्रशंसा होनी चाहिए वास्तव में सागवाडा निखरा है।मानस मण्डल के सभी सदस्यों का नगर कांग्रेस अध्यक्ष बन्धु भाई पाठक, पार्षद भरत जोशी, गटा भाई, अशोक रोत, दिनेश गुप्ता, प्रकाश खटीक, नानूलाल कलाल, मनोज कंसारा, स्वच्छ्ता अम्बेसडर शालिन कंसारा प्रेमांशु कंसारा ने उपरणा ओढाकर स्वागत किया। संचालन जितेंद्र सुथार ने किया। कार्यक्रम का समापन पर नगरपालिका एव प्रसाद पटेल द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही दोपहर में मंदिर के बाहर प्रांगण में नवनीत पंचाल, सन्नी लोहार के मार्गदर्शन में ठंडा पेय शर्बत करीब तीन हजार राहगिरों को वितरण किया गया।

जिसमें मंडल के सभी सदस्य एवं विभीन संघठनों की भागीदारी रही। इस अवसर श्याम भट्ट, प्रकाश व्यास, महेश पंड्या टामटिया, गजेंद्र भावसार, रविन्द्र सुथार, पंकज कोरानी, भूपेश,विकास सिरसा हरियाणा सहित कई मौजूद थे।

# गामड़ा ब्राह्मानिया में हुआ युवा समिति का गठन



**सागवाड़ा।** हनुमान जन्मोत्सव पर गामड़ा ब्राह्मानिया में गुजराती पाटीदार समाज ने शनिवार देर शाम को पाटीदार मोहल्ले में बैठक आयोजित कर युवा समिति का गठन किया गया। गुजराती पाटीदार समाज युवा समिति के नंदौड चौखला के अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार, रमणलाल पाटीदार, डायालाल पाटीदार, रूपेंग पाटीदार, कालूराम पाटीदार, कुबेर पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार, मोहन पाटीदार सहित सर्व सम्मति से गामड़ा ब्राह्मानिया में युवा समिति का गठन किया।

युवा समिति में अध्यक्ष पंकज पाटीदार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश पाटीदार, उपाध्यक्ष शैलेष पाटीदार, महामंत्री ईश्वर लाल पाटीदार, संगठन मंत्री प्रकाश पाटीदार, सह संगठन मंत्री गिरीश पाटीदार, सचिव वासुदेव पाटीदार, सह सचिव हेमंत पाटीदार, कोषाध्यक्ष कमलेश पाटीदार, मीडिया प्रभारी विनोद पाटीदार को मनोनित किया। शांतिलाल पाटीदार, दिनेश पाटीदार, लालशंकर पाटीदार, वेलजी पाटीदार , धर्मेश पाटीदार, मनीष पाटीदार को संरक्षक मनोनीत किया गया।

वही गुजराती पाटीदार समाज युवा समिति गामड़ा ब्राह्मानिया इकाई के द्वारा गांव में युवाओं द्वारा गांव के विकास, सामाजिक स्तर पर समाज मे व्यसन, धूम्रपान, शराब सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने पर विचार विमर्श किया। इस दौरान विद्यानगर पंचवटी में प्रतिभा सम्मान में अनुपस्थित गैर राजकीय युवाओ का ग्राम स्तरीय सम्मान किया गया। बैठक का संचालन बंसीलाल पाटीदार ओर कमलेश पाटीदार ने किया। आभार लालशंकर पाटीदार व वासुदेव पाटीदार ने व्यक्त किया।

# ट्रोले की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत, दो बच्चो के सिर से उठा पिता का साया

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के करावाड़ा गांव में सीमेंट से भरे एक ट्रोले ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इधर युवक की मौत के बात उसके दो बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया है। घटना के बाद परिवार में गमगीन माहौल है।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही ट्रोला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी ने बताया की देवीलाल खांट निवासी ननोड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है की उसका बेटा 34 वर्षीय कमलेश खांट मजदूरी का काम करता है।

शनिवार को वह काम से गया था। देर शाम के समय बाइक लेकर वापस घर आ रहा था। करावाड़ा गांव के पास सामने से आ रहे एक सीमेंट से भरे ट्रोले ने उसकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में कमलेश खांट के सिर, हाथ - पैर पर गंभीर चोटें आई। वही बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक ट्रोले को छोड़कर भाग गया। घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ लग गई। वही लोगो ने मामले की जानकारी चौरासी थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर करावाड़ा चौकी प्रभारी गोपाल मीणा, कांस्टेबल शंकरलाल मीणा मौके पर पहुंचे। घायल कमलेश को हॉस्पिटल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया गया। आज रविवार सुबह से मृतक कमलेश के परिजन और पुलिस मोर्चरी के बाहर जमा हो गए। घटना को लेकर ड्राइवर को पकड़ने की मांग करने लगे। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रोले के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक कमलेश के एक बेटा और एक बेटी है। पिता की मौत के बाद दोनो बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया।

# ग्राम पंचायत वगेरी के टिमूरवा गांव में माही नदी के बीच भव्य एनिकट का शिलान्यास आज

**सागवाड़ा।** ग्राम पंचायत वगेरी के टिमूरवा गांव में माही नदी के बीच भव्य एनिकट का शिलान्यास सोमवार को जल संसाधन मंत्री करेंगे।

जिला परिषद सदस्य और युथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश अहारी ने बताया कि ग्राम पंचायत वगेरी के टिमूरवा गांव में माही नदी के बीच भव्य एनिकट का राज्य के जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालविया 18 अप्रैल को सुबह 9 बजे शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गत वर्ष हुमडपुरम दोरे के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने आस पास के क्षेत्र सहित सागवाड़ा नगर तक पेयजल उपलब्ध करवाने एनिकट की मांग की थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने एनिकट बनाने की घोषणा की थी, जिसका शिलान्यास मंत्री मालवीया करेंगे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष खोड़निया, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, सभी पूर्व विधायक, सभी वर्तमान व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं सभी अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी एवं वरिष्ट कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे ।

# जगदीश गोपाल जी की गोकथा सागवाड़ा मे 25 दिसम्बर से



**सागवाड़ा।**श्रीमद भागवत सत्संग समिति द्वारा परम गौ भक्त, गौकथा मर्मज्ञ, अंतराष्ट्रीय गौ संत,परम पूज्य गुरुदेव भगवान जगदीश गोपाल जी उर्फ़ स्वामी गोपालानन्द सरस्वती जी की भव्य एवं दिव्य गौकथा सागवाड़ा मे करवाई जा रही है। पिण्डावल मे माही दीदी के मुखारविंद से चल रही गोकृपा कथा मे जगदीश गोपाल जी के पधारने पर श्री मद भागवत सत्संग समिति सागवाड़ा के समस्त सदस्य अध्यक्ष मुकेश भोई के नेतृत्व मे कथा स्थल पहुचे। जहा धोलागढ़ के अवधूत महंत योगी प्रकाशनाथ तथा कथावाचक कमलेश शास्त्री की पावन उपस्थिति में पंचायत समिति सागवाड़ा के प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा ने कथा के निमंत्रण के लिये श्रीफल भेट कर सागवाड़ा मे गौकथा करने का निवेदन किया। जिस पर जगदीश गोपाल जी ने श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला सागवाड़ा के सहयोगार्थ श्री मद भागवत सत्संग समिति के बैनर तले गौकथा करने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष ललित पंचाल,नानूलाल कलाल, कर्मवीर सिंह राठौड़,श्याम भट्ट, जयन्तीलाल मोची, दिनेश शर्मा, हितेन्द्र भावसार, नारायण लाल सेवक, महेश कलाल , भगवानलाल सेवक, बाबुलाल सेवक, कल्पेश सुथार, विनोद गर्ग, नीरज शर्मा,विजय पंचाल, विपुल पंचाल,नरेन्द्र पंचाल, नाथुलाल यादव,हिरेन जोशी, प्रकाश व्यास, भगवतीलाल पंचाल, मोतीलाल कलाल, प्रहलाद जोशी,प्रकाश खटीक, मोहनलाल पंचाल, निखिल दलाल, ओमप्रकाश सुथार सहित गौरक्षक दल के अजय बुझ, आयुष जोशी, रितिक सोनी जिग्नेश यादव, जतिन दर्जी, दीपक परमार, अजय माली, कुलदीप भोई आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

# पुलिस की स्पेशल टीम ने देसी कट्टे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने कोतवाली थानान्तर्गत शहर के मुरला गणेश मंदिर के पास से एक युवक को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की स्पेशल टीम ने आरोपी युवक व देसी कट्टे को कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाली थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है । सीआई दिलीप दान चारण ने बताया की डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से अवैध कारोबार व अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज मुखबिर के जरिये सुचना मिली थी की एक युवक कोतवाली थाना क्षेत्र में डूंगरपुर शहर के मुरला गणेश मंदिर के पास देसी कट्टा लेकर घूम रहा है। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल नवीन, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपालसिंह, और पंकज की टीम ने मुरला गणेश मंदिर के दबिश दी और तलाशी कर शुरू की। इस दौरान सामने से आ रहे एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब में एक देसी कट्टा रखा हुआ था। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने आरोपी शहर की पातेला कच्ची बस्ती निवासी अंसार पुत्र रियाज मकरानी को हिरासत में लिया और देसी कट्टे को जब्त किया।इसके बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने आरोपी अंसार मकरानी और देसी कट्टे को लेकर कोतवाली थाने पहुंचे जहा पर पुलिस की स्पेशल टीम ने आरोपी व देसी कट्टे को कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द किया।

# हनुमानजी की भक्ति से होता है ऊर्जा का संचार :राज्यपाल



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने हनुमान जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि हनुमानजी शरीर के साथ-साथ मन से भी अपार बलशाली हैं, उनके स्मरण मात्र से ही बड़े से बड़ा संकट दूर हो जाता है, इसीलिए उन्हें संकटमोचक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हनुमानजी शक्ति एवं साहस के प्रतीक हैं। उनकी आराधना से व्यक्ति अपने भीतर स्वयं ही ऊर्जा का अनुभव करता है। राज्यपाल मिश्र शनिवार को उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के वृंदावन में वृंदावन बालाजी देवस्थान उद्घाटन के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य बालाजी देवस्थान का उद्घाटन किया और हनुमान चालीसा स्तंभ का लोकार्पण किया। उन्होंने हनुमानजी की आरती कर देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना भी की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वृंदावन बालाजी देवस्थान कई मायनों में अद्भुत और अलौकिक है क्योंकि यहां भगवान हनुमानजी अपने पांचों भाइयों के साथ विराजित रहेंगे।

यहां भक्तगण हनुमानजी की जन्मकुंडली और हनुमान यंत्र के दर्शन कर सकेंगे । यहां मंदिर के प्रवेशद्वार के समीप बनाया गया हनुमान चालीसा स्तंभ दुनिया का पहला ऐसा स्तंभ है, जिस पर हनुमान चालीसा लिखी है। उन्होंने कहा कि ऐसे पावन देवस्थान का उद्घाटन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

## निशुल्क ओपीडी एवं आईपीडी योजना सरकार की अभिनव पहल

# योजना को सफल बनाने के लिए सेवा भावना से जुटें चिकित्साकर्मी :गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेशवासियों को इलाज के महंगे खर्च से चिंतामुक्त करने के उद्देश्य से 1 अप्रेल से प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना को जमीनी स्तर तक सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसी राज्य द्वारा नागरिकों को ओपीडी एवं आईपीडी में उपचार एवं जांच सेवाएं निशुल्क प्रदान करने की यह योजना हमारी सरकार ने एक अभिनव पहल के रूप में प्रारंभ की है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक एवं नर्सिंग समुदाय पूर्ण सेवा भावना के साथ इस योजना को सफल बनाने में जुटें और यह सुनिश्चित करें कि रोगियों को निशुल्क उपचार लेने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। यह हम सबका प्राथमिक दायित्व होना चाहिए। गहलोत रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही वजह है कि




हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रारम्भ की हैं। इन योजनाओं के माध्यम से हमारा प्रयास है कि प्रदेशवासी इलाज के खर्च से चिंता मुक्त रहें। साथ ही, राजस्थान स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इन योजनाओं का जमीनी स्तर तक पूरी प्रतिबद्धता से क्रियान्वयन हो। गहलोत ने निर्देश दिए कि योजना की सफलता के लिए स्वयं के स्तर पर, चिकित्सा मंत्री के स्तर पर तथा प्रशासनिक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। गहलोत ने कहा कि 1 अप्रेल से ट्रायल रन के रूप में यह योजना प्रारंभ की गई है। इसके चलते चिकित्सा संस्थानों में रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होना स्वाभाविक है। इसे देखते हुए चिकित्सा विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों में निशुल्क दवाओं एवं जांच सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता रहे। इसके लिए आवश्यकता अनुसार संसाधनों की संख्या भी बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'राइट टू हैल्थ' की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि राइट टू हैल्थ बिल को जल्द अन्तिम रूप दिया जाए। इस बिल में रोगियों के हित में सभी आवश्यक प्रावधान सम्मिलित किए जाएं। गहलोत ने कहा कि हमारी पिछली सरकार के समय मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना लागू की गई थी। इस बार हमने हर परिवार को इलाज के खर्च से चिंतामुक्त करने की दिशा में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। इस बजट में इसका दायरा बढ़ाते हुए प्रति परिवार बीमा कवरेज 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रूपये कर दिया गया है। साथ ही इस योजना में अब कॉकलियर इम्प्लांट, बोनमैरो ट्रांस्प्लांट, ऑर्गन ट्रांस्प्लांट, ब्लड, प्लेट्लेट्स एवं प्लाज्मा ट्रांसफ्यूजन तथा लिम्ब प्रोस्थेसिस (बोन कैंसर) जैसी जटिल स्वास्थ्य सेवाएं भी नि:शुल्क उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत अब सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में आईपीडी एवं ओपीडी में उपचार एवं जांच सेवाएं पूरी तरह नि:शुल्क कर दी गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कोविड महामारी के दौरान चिकित्सकों एवं नर्सिंगकर्मियों के अहम योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन दांव पर लगाकर लोगों के जीवन की रक्षा की। इस महामारी से मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।